# LATEST NEWS

## Election

## Date : 18th Oct. 2025

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक नवज्योति
जयपुर, शनिवार, 18.10.2025

दैनिक नवज्योति
Jaipur City - 18 Oct 2025 - Page 18

## स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की तैयारी

**जयपुर।** निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव, अंता तथा अन्य उपचुनावों के दौरान नकदी, शराब, नशीले पदार्थों और अन्य प्रलोभनों की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में प्रवर्तन और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करने की उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से बताया। बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनावों में धन, शराब, नशीले पदार्थों और अन्य प्रलोभनों के प्रभावों से निपटने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करना था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि अंता विधानसभा क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में 52 लाख रुपए से अधिक की जब्ती होने से छह अक्टूबर से अब तक तीन करोड़ 53 लाख रुपए की कुल जब्ती की जा चुकी है।

# राजस्थान पत्रिका

**अंता, शनिवार, 18.10.2025**

जनजागरुकता — उम्मीदवारों की जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई

## मजदूर हमारे देश की शान, मतदान कर बढ़ाएं लोकतंत्र का मान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बारां.** नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन में अंता विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से अंता स्थित एनटीपीसी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकास अधिकारी राधेश्याम भील ने उपस्थित जन को मतदान का संकल्प कराकर सभी से मतदान करने की अपील की। अपर महाप्रबंधक विपिन कुमार देशमुख ने लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से मतदान करने एवं लोगों को प्रेरित करने की बात कही। वहीं सह प्रभारी स्वीप अमित भार्गव ने सी विजिल एप की जानकारी देते हुए एप्लीकेशन के माध्यम से आदर्श आधार संहिता की उल्लंघन की शिकायत करने पर 100 मिनट में समाधान प्राप्त करने एवं केवाईसी एप द्वारा अपने क्षेत्र से चुनाव उम्मीदवारों की जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। संकल्प पत्र भरवा कर मानव श्रृंखला द्वारा 11 नवंबर नोट करें निर्भय होकर वोट करें के उद्घोष के साथ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्वीप सदस्य राजेश गौतम ने गीत सुनाया। विकास अधिकारी राधेश्याम भील द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एवं सीआईडी तिराहे पर मजदूर वर्ग को मतदान का संकल्प कराया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (एच आर) डीएस कुहाड़, वरिष्ठ प्रबंधक मंजूषा माधवन, उप महा प्रबंधक विजेश सांमरिया, अरविंद भाटिया, सुरक्षा अधिकारी पूर्णिमा विश्वकर्मा, एचआर अधिकारी एएस पठान, बृजेश सिंह, सुशील सोमवंशी, उप प्रबंधक निशांत कुमार, वरिष्ठ सहायक अभियंता एनके राठौर, स्वीप सदस्य रामचरण मीणा, राजेंद्र मीणा,ओम मेरोठा, विकास मालव सहित अधिकारी कर्मचारी एवं श्रमिक मौजूद रहे।



**बारां.** मतदान करने की प्रतिज्ञा लेते सदस्य। पत्रिका

राजस्थान पत्रिका
बारां, शनिवार, 18.10.2025

# तीन और नामांकन दाखिल

**अंता** विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए शुक्रवार को रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा कराए। जिला निर्वाचन अनुभाग के अनुसार राजपाल सिंह शेखावत ने पीआरवीपीओआई से व नरोत्तम पारीक और बंशीलाल ने निर्दलीय नामांकन प्रस्तुत किए।

दैनिक भास्कर
बारां, शनिवार, 18.10.2025

दैनिक भास्कर बारां 18-10-2025

**आयोजन • अंता विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर किया जागरूक**

# लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मतदान का महत्व बताकर आमजन को प्रेरित किया

भास्कर न्यूज़ | अंता

जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर एवं सीईओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन में अंता विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से अंता स्थित एनटीपीसी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।



विकास अधिकारी राधेश्याम भील ने उपस्थित जन को मतदान का संकल्प कराकर सभी से मतदान दिवस 11 नवंबर को मतदान करने की अपील की। अपर महाप्रबंधक विपिन कुमार देशमुख ने लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से मतदान करने एवं लोगों को प्रेरित करने की बात कही। वहीं सह प्रभारी स्वीप अमित भार्गव ने सी विजिल एप की जानकारी देते हुए एप्लीकेशन के माध्यम से आदर्श आधार संहिता की उल्लंघन की शिकायत करने पर 100 मिनट में समाधान प्राप्त करने एवं केवाईसी एप द्वारा अपने क्षेत्र से चुनाव उम्मीदवारों की जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। संकल्प पत्र भरवाकर मानव श्रृंखला द्वारा 11 नवंबर नोट करें निर्भय होकर वोट करें के उद्घोष के साथ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्वीप सदस्य राजेश गौतम द्वारा मतदाता जागरूकता गीत की प्रस्तुति की गई। वहीं विकास अधिकारी राधेश्याम भील द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एवं सीआईडी तिराहे पर मजदूर वर्ग को मतदान का संकल्प कराया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (एचआर) डीएस कुहाड़, वरिष्ठ प्रबंधक मंजूषा माधवन, उप महा प्रबंधक विजेश सांमरिया, अरविंद भाटिया, सुरक्षा अधिकारी पूर्णिमा विश्वकर्मा, एचआर अधिकारी एएस पठान, बृजेश सिंह, सुशील सोमवंशी, उप प्रबंधक निशांत कुमार, वरिष्ठ सहायक अभियंता एनके राठौर, स्वीप सदस्य रामचरण मीणा, राजेंद्र मीणा,ओम मेरोठा, विकास मालव सहित अधिकारी कर्मचारी एवं श्रमिक वर्ग मौजूद रहे।

**दैनिक भास्कर**
बारां, शनिवार, 18.10.2025

बारां 18-10-2025

# 24 घंटे में 52 लाख रु. जब्त किए

## निष्पक्ष चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की तैयारी

बारां। निर्वाचन आयोग ने विधानसभा उप चुनाव अंता के दौरान नकदी, शराब, नशीले पदार्थों और अन्य प्रलोभनों की आवाजाही पर सख्त अंकुश लगाने के उद्देश्य से सख्त निर्देश दिए हैं। अंता विधानसभा क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में 52 लाख रुपए से अधिक की जब्ती होने से 6 अक्टूबर से अब तक 3 करोड़ 53 लाख रुपए की कुल जब्ती की जा चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सक्रिय और निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करने की उनकी जिम्मेदारियों को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य चुनावों में धन, शराब, नशीले पदार्थों और अन्य प्रलोभनों के प्रभावों से निपटना है। प्रलोभन-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के उपायों के साथ चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयासों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष निगरानी और समन्वय तंत्र तैयार किया है। निर्वाचन आयोग ने सभी प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे आर्थिक अपराधों से जुड़ी खुफिया सूचनाओं का आपसी आदान-प्रदान और घनिष्ठ सहयोग सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी कार्रवाई की जा सके। आयोग ने संबंधित एजेंसियों को यह भी निर्देश दिया कि वे निर्वाचन क्षेत्रों का विस्तृत मानचित्रण करें। जिससे अंतर-राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से तस्करी, ड्रग्स, शराब, नकदी और नकली मुद्रा की आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

दैनिक भास्कर
बारां, शनिवार, 18.10.2025

दैनिक भास्कर
बारां 18-10-2025

# 30 हजार ली. वॉश नष्ट, 18 भट्टियां तोड़ीं, 59 ली. कच्ची शराब जब्त की

## पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई

भास्कर न्यूज | छबड़ा

कलेक्टर और एसपी के निर्देश पर विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को लक्ष्मीपुरा गांव में बड़ी कार्रवाई की।

टीम ने मौके पर 30 हजार लीटर वॉश नष्ट कर 18 अवैध भट्टियां तोड़ीं और 59 लीटर कच्ची शराब जब्त की। अभियान का नेतृत्व एएसपी राजेश चौधरी और डीएसपी विकास कुमार के निर्देशन में थानाधिकारी राजेश कुमार खटाना तथा आबकारी प्रहराधिकारी मदनलाल ने किया। टीम के गांव में पहुंचते ही अवैध शराब बनाने वालों में हड़कंप मच गया और कई लोग भाग गए। पुलिस व आबकारी दल ने मौके पर बड़ी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण, ड्रम, पाइप और प्लास्टिक टंकियां बरामद कीं। सभी सामग्री को नष्ट कर तीन प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए हैं। थानाधिकारी खटाना ने बताया कि छबड़ा क्षेत्र में अवैध हथकड़ शराब के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। अब तक सैकड़ों लीटर देशी कच्ची शराब जब्त की जा चुकी है। आगामी दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि हथकड़ शराब न केवल अवैध है बल्कि सेहत के लिए भी बेहद खतरनाक है। इसके सेवन से गंभीर बीमारियां या मौत तक हो सकती है। लोग इस तरह की गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस या आबकारी विभाग को दें, ताकि ऐसे कारोबार को जड़ से खत्म किया जा सके।

अधिकारियों का कहना है कि उपचुनाव के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस व आबकारी विभाग की टीमें लगातार गांवों में सर्च अभियान चला रही हैं और किसी भी सूचना पर कार्रवाई की जा रही है।

**दैनिक भास्कर**
बारां, शनिवार, 18.10.2025

बारां 18-10-2025

# अंतरराज्यीय बॉर्डर पर हुई पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक



**मांगरोल|** तहसील क्षेत्र की बमोरी पुलिस चौकी पर शुक्रवार को अंतरराज्यीय बॉर्डर बैठक आयोजित की गई। जिसमें श्योपुर एसडीएम गगन सिंह मीणा, अंता सीओ सोजीलाल मीणा, मांगरोल एसडीएम सौरभ भांबू, अंता एसडीएम हवाई सिंह यादव, बड़ौदा एसडीओपी प्रवीण अस्थाना, श्योपुर एसडीओपी राजीव गुप्ता, एसएचओ बड़ौदा सत्यम सिंह गुर्जर, श्योपुर देहात एसएचओ शशि तोमर, मांगरोल एसएचओ विनोद कुमार मीणा, अयाना एसएचओ उम्मेद सिंह ने अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर सामंजस्य व सतर्कता पर चर्चा की।

## आज 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**अटरू|** बिजली निगम की ओर से शनिवार को अंताना, बरलां व पटना जीएसएस पर मेंटिनेंस कार्य किए जाने से 4 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। बिजली निगम के एईएन राजेश कुमार मीणा ने बताया कि शनिवार को क्षेत्र के अंताना, बरलां एवं पटना गांव स्थित 33/11 केवी जीएसएस पर दीपावली पूर्व मेंटिनेंस एवं रखरखाव कार्य किया जाएगा। जिसके चलते जीएसएस से जुड़े गावों की बिजली सुबह 8 से दोपहर 12 तक बंद रहेगी।

## क्वाथ वितरण शिविर आज

**किशनगंज|** आयुष अस्पताल में धन्वंतरी त्रयोदशी पर शनिवार को क्वाथ वितरण शिविर लगाया जाएगा। वरिष्ठ आयुष चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. गिरधरगोपाल चौरसिया ने बताया कि सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शिविर में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए क्वाथ वितरण किया जाएगा। वहीं ज्वर कास प्रतिश्याय, वात व्याधियों, मधुमेह, उदर रोगों की चिकित्सा के लिए मरीजों को परामर्श देंगे।

सीमा किरण
बारां, शनिवार, 18.10.2025

# अंता उपचुनाव-2025 : स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की सख्त तैयारी

## » बिहार विधानसभा चुनाव एवं अंता उपचुनाव में नकदी, शराब और नशीले पदार्थों की आवाजाही पर अंकुश लगाने हेतु प्रवर्तन एजेंसियों की बैठक आयोजित

सीमा किरण

**जयपुर।** निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव एवं अंता तथा अन्य उपचुनावों के दौरान नकदी, शराब, नशीले पदार्थों और अन्य प्रलोभनों की आवाजाही पर सख्त अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज नई दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में प्रवर्तन और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सक्रिय और निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करने की उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनावों में धन, शराब, नशीले पदार्थों और अन्य प्रलोभनों के प्रभावों से निपटने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करना था। बैठक में सीबीडीटी, सीबीआईसी, ईडी, डीआरआई, सीईआईबी, एफआईयू-आईएनडी, आरबीआई, आईबीए, एनसीबी, आरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी, बीसीएएस, एएआई और डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इसके साथ ही मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी (एसपीएनओ) और बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक के दौरान विभिन्न एजेंसियों ने आयोग को अपनी तैयारियों, प्रलोभन-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए उपायों और आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। एजेंसियों ने बताया कि धन और अन्य प्रलोभनों के जरिए चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयासों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष निगरानी और समन्वय तंत्र तैयार किया गया है। निर्वाचन आयोग ने सभी प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे आर्थिक अपराधों से जुड़ी खुफिया सूचनाओं का आपसी आदान-प्रदान और घनिष्ठ सहयोग सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी कार्रवाई की जा सके। आयोग ने राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर समन्वय तंत्र को और मजबूत करने पर बल दिया। आयोग ने संबंधित एजेंसियों को यह भी निर्देश दिया कि वे निर्वाचन क्षेत्रों का विस्तृत मानचित्रण करें, जिससे अंतर-राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से तस्करी, ड्रग्स, शराब, नकदी और नकली मुद्रा की आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। बैठक के अंत में आयोग ने दोहराया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव के लिए आयोग 'शून्य सहनशीलता' की नीति पर दृढ़ता से कार्य करेगा। अंता विधानसभा क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में 52 लाख रूपये से अधिक की जब्ती होने से 6 अक्टूबर से अब तक 3 करोड़ 53 लाख रूपये की कुल जब्ती की जा चुकी है।